फा.सं.13011/20/2021-रा.भा. (सीटीबी)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

नई दिल्ली-110001 दिनांक 27 अगस्त, 2025

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

**विषय:- गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के अधीनस्थ कार्यालय केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र में संयुक्त निदेशक संशोधित वेतन लेवल-12 ₹78800-20920 (पूर्व संशोधित वेतनमान पे बैंड-03, ₹ 15,600-39,100+7600 ग्रेड वेतन) के 03 पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरना ।**

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के अधीनस्थ कार्यालय केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र मुंबई, बैंगलुरु और कोलकाता में संयुक्त निदेशक के संशोधित वेतन लेवल-12 ₹78800-2,09,200 (पूर्व संशोधित वेतनमान पे बैंड-3, ₹ 15,600-39,100+7600 ग्रेड वेतन) के 03 पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए उपयुक्त अधिकारी की सेवाओं की तत्काल आवश्यकता है । इस पद के लिए अपेक्षित अर्हताएं और अनुभव तथा अन्य ब्यौरे अनुबंध-। में दिए गए हैं । इस पद पर चयनित अधिकारी का वेतन, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17 जून 2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्था (वेतन-।।) तथा समय समय पर यथा संशोधित, में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार विनियमित किया जाएगा ।

2. अत: अनुरोध है कि इस पद के लिए योग्य, इच्छुक एवं पात्र अधिकारियों, जिन्हें तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता हो, के आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) संलग्न प्रोफार्मा (अनुबंध-।।) में, इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने या इस कार्यालय ज्ञापन के इम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित होने की तिथि से 60 दिन के भीतर, जो भी स्थिति बाद में हो, निम्नलिखित दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी को उचित माध्यम से भेज दें:-

(I) आवेदक की संपूर्ण गोपनीय रिपोर्टो के डोजियर अथवा पिछले पांच वर्ष अर्थात 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की फोटो प्रतियां । जिस का प्रत्येक पृष्ठ समूह 'क' राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हो ;

(II) सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र ;

(III) अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक/सतर्कता का मामला लंबित न होने तथा न ही इस प्रकार का कोई मामला चलाए जाने का विचार होने का प्रमाण पत्र ;

(Iv) अधिकारी पर पिछले 10 वर्षों की अवधि के दौरान यदि कोई छोटी/बड़ी शास्ति लगाई गई हो, तो उसका विवरण (यदि कोई शास्ति न लगाई गई हो तो "शून्य" प्रमाण पत्र संलग्न किया जाए);

(v) आवेदक के संबंध में संवर्ग अनापत्ति प्रमाण पत्र ।



File No. 13011/20/2021-रा.भा.(के.अनु.ब्यूरो) (Computer No. 5824)
Generated from eOffice by Vishwash Singh, ASO (Trg) VS, ASSISTANT SECTION OFFICER, Department of Offical Language (DOL) on 24/08/2026 12:59 pm

3. आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र या जिनके साथ संपूर्ण वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों का डोजियर या वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की सत्यापित प्रतियां नहीं होंगी या संबंधित कार्यालय की सहमति के बिना प्राप्त होंगे अन्यथा अपूर्ण होंगे, उन आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा । जो अधिकारी आवेदन करेंगे, उन्हें अपना आवेदन पत्र बाद में वापस लेने की अनुमति नहीं होगी । आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय इस बात की जांच एवं पुष्टि कर ली जाए कि अधिकारी द्वारा आवेदन पत्र में भरे गए विवरण सही हैं । इस बात की भी पुष्टि कर ली जाए कि नियुक्ति के लिए चुने जाने की स्थिति में, संबंधित अधिकारी को उसके कार्यों से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

(अनिल कुमार)
उप सचिव, भारत सरकार

फा.सं013011/20/2021- राजभाषा (सीटीबी) दिनांक 24 अगस्त, 2025

1. केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग ।
2. राष्ट्रपति सचिवालय ।
3. उप राष्ट्रपति सचिवालय,
4. प्रधानमंत्री कार्यालय ।
5. मंत्रिमंडल सचिवालय
6. भारत का निर्वाचन आयोग ।
7. लोकसभा/राज्यसभा सचिवालय
8. संघ लोक सेवा आयोग ।
9. केंद्रीय सतर्कता आयोग ।
10. भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ।
11. गृह मंत्रालय (मुख्यालय)/न्याय विभाग/जम्मू एवं कश्मीर कार्य विभाग तथा राजभाषा विभाग के सभी अधिकारी/डेस्क/अनुभाग ।
12. गृह मंत्रालय के सभी काडर यूनिट ।
13. सभी राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र सरकार
14. निदेशक (नीति/तकनीकी/कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ।
15. निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली ।
16. निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली ।
17. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. राजभाषा विभाग को इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वैबसाईट पर अपलोड करवाने हेतु।
18. गार्ड फाइल।
19. अतिरिक्त प्रतियां 10

(अनिल कुमार)
उप सचिव, भारत सरकार

अनुबंध-।

केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली में निदेशक के पद के लिए शैक्षिक अर्हताएं, अनुभव तथा अन्य विवरण:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | संयुक्त निदेशक |
| 2. | पदों की संख्या | 03 (तीन) |
| 3. | वर्गीकरण | सामान्य केंद्रीय सेवा समूह 'क' राजपत्रित अलिपिक वर्गीय । |
| 4. | वेतनमान | पे-मैट्रिक्स **वेतन लेवल-12 ₹78800-209200 (पूर्व संशोधित वेतनमान पे बैंड-03, ₹ 15,600-39,100+7600 ग्रेड वेतन)** |
| 5. | प्रतिनियुक्ति की अवधि एवं आयु सीमा | प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य कार्डर बाहय पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी है, साधारणतया 4 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।<br>टिप्पण 1: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी । |
| **6.** | **पात्रता** | प्रतिनियुक्ति<br>I. केद्रीय सरकार/ राज्य सरकार तथा संघ राज्य क्षेत्रों के ऐसे अधिकारी :-<br>(क) (i) जो मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारित किए हुए हैं<br>अथवा<br>(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11, ₹67,700-2,08,700 या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात पांच वर्ष की सेवा कर ली है; और<br>(ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है अर्थात आवश्यक :<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी में मास्टर की उपाधि,<br>अथवा<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या |



File No. 13011/20/2021-रा.भा.(के.अनु.ब्यूरो) (Computer No. 5824)
Generated from eOffice by Vishwash Singh, ASO (Trg) VS, ASSISTANT SECTION OFFICER, Department of Offical Language (DOL) on 24/08/2026 12:59 pm

| | | |
|---|---|---|
| | | वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में मास्टर की उपाधि,<br>अथवा<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी या अंग्रेजी के अलावा किसी विषय में हिंदी माध्यम के साथ मास्टर की उपाधि,<br>अथवा<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी या अंग्रेजी के अलावा किसी विषय में अंग्रेजी माध्यम के साथ मास्टर की उपाधि,<br>अथवा<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी या इन दोनों में से कोई एक परीक्षा के माध्यम और दूसरा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हो, के साथ हिन्दी या अंग्रेजी के अलावा किसी विषय में मास्टर की उपाधि ।<br>(ii) केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या स्वायत्त निकायों या कानूनी संगठनों या पब्लिक सैक्टर उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षिक संस्थाओं के अधीन हिन्दी में शब्दावली का प्रयोग/लागू करना और (शब्दावलीय कार्य) अंग्रेजी से हिन्दी या इसके वीपेयन वरीय रूप से तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य का दस वर्ष का अनुभव ।<br>या<br>केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या स्वायत्त निकायों या कानूनी संगठनों या पब्लिक सैक्टर उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षिक संस्थाओं के अधीन हिन्दी और अंग्रेजी में अध्यापन या हिन्दी या अंग्रेजीके अनुसंधान का दस वर्ष का अनुभव।<br>**वांछनीय :** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक स्तर पर हिन्दी के अतिरिक्त संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित किसी एक भाषा के अध्ययन किया हो; |



File No. 13011/20/2021-रा.भा.(के.अनु.ब्यूरो) (Computer No. 5824)
Generated from eOffice by Vishwash Singh, ASO (Trg) VS, ASSISTANT SECTION OFFICER, Department of Offical Language (DOL) on 24/08/2026 12:59 pm

| | | |
|---|---|---|
| | | **टिप्पण:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी जो प्रोन्नति की पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के लिए पात्र नहीं होंगे। इसी तरह प्रतिनियुक्ति व्यक्ति भी प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के लिए पात्र नहीं होगे। |
| **7** | **पद के कर्तव्य** | संयुक्त निदेशक केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के मूल्यांकन और प्रशिक्षण प्रभाग के प्रभारी होंगे। वे विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यरत अनुवादकों द्वारा किए जा रहें हिन्दी अनुवाद कार्य का मूल्यांकन करेंगे और अनुवाद तकनीक के संबंध में दिशानिर्देश देंगे। वे हिन्दी अनुवादकों के लिए चलाए जा रहे अनुवाद तकनीक प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में प्रशिक्षण सामग्री, सहायक साहित्य तैयार करने के लिए उत्तरदायी होंगे। वे अनुवाद प्रभाग में कार्यरत अधिकारियों को मार्गदर्शन भी करेंगे और हिन्दी अनुवाद की गुणवत्ता में सुधार करेंगे । |



File No. 13011/20/2021-रा.भा.(के.अनु.ब्यूरो) (Computer No. 5824)
Generated from eOffice by Vishwash Singh, ASO (Trg) VS, ASSISTANT SECTION OFFICER, Department of Offical Language (DOL) on 24/08/2026 12:59 pm

अनुबंध-II

## आवेदन पत्र का प्रारूप

| | |
|---|---|
| 1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में)<br>मोबाइल नं0<br>ई-मेल आईडी | |
| 2. जन्म तिथि (ईसवी सन् में) | |
| 3. (i) सेवा में आने की तारीख<br>(ii) केन्द्र/राज्य सरकारी नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख | |
| 4. शैक्षिक योग्यताएं | |
| 5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं<br>(यदि कोई अर्हता नियमों में निर्धारित अर्हता के समरूप मानी गई हो तो उसके प्रमाण का उल्लेख करें) | |
| विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में यथा-उल्लिखित अर्हता/अनुभव<br>आवश्यक :<br>क) अर्हता<br>ख) अनुभव | अधिकारी द्वारा प्राप्त अर्हता/अनुभव<br>आवश्यक :<br>क) अर्हता<br>ख) अनुभव |
| वांछनीय<br>क) अर्हता<br>ख) अनुभव | वांछनीय<br>क) अर्हता<br>ख) अनुभव |
| 5.1 टिप्पणी : परिपत्र/रोजगार समाचार में विज्ञापन जारी करते समय प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा भर्ती नियमों में यथा-उल्लिखित आवश्यक और वांछित अर्हताओं को प्रदर्शित करने के लिए इस कॉलम को प्रवर्धित करने की आवश्यकता है।<br><br>5.2 डिग्री और स्नातकोत्तर अर्हताओं के मामले में आवेदक के ऐच्छिक/ मुख्य विषयों तथा सहायक विषयों को निर्दिष्ट करना होगा। | |



File No. 13011/20/2021-रा.भा.(के.अनु.ब्यूरो) (Computer No. 5824)
Generated from eOffice by Vishwash Singh, ASO (Trg) VS, ASSISTANT SECTION OFFICER, Department of Offical Language (DOL) on 24/08/2026 12:59 pm

| | |
|---|---|
| 6 ऊपर दी गई प्रविष्टियों के आलोक में कृपया स्पष्ट उल्लेख करें कि आप पद के लिए आवश्यक अर्हताएं और कार्य का अनुभव रखते हैं| | |
| 6.1 टिप्पणी : आवेदित पद के संदर्भ में आवेदक द्वारा धारित संबद्ध आवश्यक अर्हता/ कार्य अनुभव (जीवनवृत्त में यथानिर्दिष्ट) की पुष्टि करते हुए उधार देने वाले संगठन को अपनी विशेष टिप्पणी/दृष्टिकोण उपलब्ध कराने होंगे| | |

7. अवधिवार रोजगार के ब्यौरे| यदि नीचे स्थान पर्याप्त न हो तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत अधिप्रमाणित अलग शीट संलग्न करें|

| कार्यालय/ संस्था | नियमित आधार पर धारित पद | दिनांक से | दिनांक तक | *नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन / वेतनमान | कार्य का स्वरूप (विस्तृत रूप में) जिसमें आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव को विशिष्टता से दर्शाया गया है| |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

* महत्वपूर्ण : एसीपी/एमएसीपी के तहत स्वीकृत वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन अधिकारी के लिए व्यक्तिगत होता है, इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए| केवल नियमित अधार पर धारित पद के वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/ वेतनमान का उल्लेख किया जाना चाहिए| वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन के साथ एसीपी/एमएसीपी के ब्यौरे को निम्नानुसार निर्दिष्ट किया जाए जहां आवेदक द्वारा ऐसे लाभ प्राप्त किए गए हों :



File No. 13011/20/2021-रा.भा.(के.अनु.ब्यूरो) (Computer No. 5824)
Generated from eOffice by Vishwash Singh, ASO (Trg) VS, ASSISTANT SECTION OFFICER, Department of Offical Language (DOL) on 24/08/2026 12:59 pm

| कार्यालय/संस्था | एसीपी/ एमएसीपी स्कीम के तहत आहरित वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन | से | तक |
|---|---|---|---|

| | |
|---|---|
| 8. वर्तमान रोजगार का स्वरूप अर्थात तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्द्धस्थायी अथवा स्थायी | |
| 9. प्रतिनियुक्ति / अनुबंध आधार पर धारित वर्तमान रोजगार के मामले में कृपया उल्लेख करें | |

| क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख़ | ख) प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि | ग) आवेदक का मूल कार्यालय/ संगठन | घ) मूल संगठन में वास्तविक सामर्थ्य में धारित पद का नाम और वेतन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| 9.1 टिप्पणी : पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों के मामले में ऐसे अधिकारियों के आवेदन उनके मूल कैडर/विभाग द्वारा संवर्ग अनापत्ति, सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ अग्रेषित किए जाने चाहिए। | |
| 9.2 टिप्पणी : ऊपर कॉलम 9 (ग) और 9(घ) के तहत सूचना उन सभी मामलों में दी जाए जहां कोई आवेदक कैडर/संगठन से इतर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है परंतु अपने मूल कैडर/ संगठन में अभी भी ग्रहणाधिकार पर है। | |



File No. 13011/20/2021-रा.भा.(के.अनु.ब्यूरो) (Computer No. 5824)
Generated from eOffice by Vishwash Singh, ASO (Trg) VS, ASSISTANT SECTION OFFICER, Department of Offical Language (DOL) on 24/08/2026 12:59 pm

| | |
|---|---|
| 10. आवेदक द्‌वारा पूर्व में यदि कोई पद प्रतिनियुक्ति पर धारित किया गया है तो पिछली प्रतिनियुक्ति से वापस आने की तारीख और अन्य ब्यौरे\| | |
| 11. वर्तमान रोज़गार के बारे में अतिरिक्त ब्यौरे<br>कृपया उल्लेख करें - निम्नलिखित के अंतर्गत कार्यरत हैं :<br>(संबद्ध कॉलम में अपने नियोक्ता का नाम निर्दिष्ट करें)<br>(क)केन्द्र सरकार<br>(ख) राज्य सरकार<br>(ग)स्वायत्त संगठन<br>(घ)सरकारी उपक्रम<br>(ङ) विश्वविद्‌यालय<br>(च)अन्य | |
| 12. कृपया उल्लेख करें कि क्या आप उसी विभाग में और फ़ीडर ग्रेड अथवा फ़ीडर के फ़ीड़र ग्रेड में कार्यरत हैं\| | |
| 13. क्या आप वेतन के संशोधित वेतनमान में हैं\| यदि हां, तो संशोधन की तारीख और संशोधन पूर्व-वेतनमान का उल्लेख करें\| | |
| 14. प्रतिमाह आहरित कुल परिलब्धियां | |

| वेतनबैंड में मूल वेतन | ग्रेड वेतन | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

15. यदि आवेदक ऐसे संगठन का सदस्य है जो केन्द्र सरकार में लागू वेतनमान का अनुसरण नहीं करता तो संगठन द्‌वारा जारी निम्नलिखित ब्यौरे दर्शाने वाली अद्‌यतन वेतन पर्ची संलग्न की जाए

| वेतनमान और वृद्धि दर सहित मूल वेतन | महंगाई भत्ता/अंतरिम सहायता/ अन्य भत्ते आदि (अलग-अलग ब्यौरों के साथ) | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| 16. (क) आवेदित पद के संबंध में, पद हेतु आपकी उपयुक्तता के समर्थन में अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो। (इसके अलावा (1) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता (2) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (3) रिक्ति परिपत्र/ विज्ञापन में निर्धारित अतिरिक्त कार्य अनुभव के संबंध में सूचना प्राप्त की जा सकती है।) (टिप्पणी : स्थान अपर्याप्त होने पर अलग शीट संलग्न करें) | |
| 16. (ख) उपलब्धियां :<br>उम्मीदवार कृपया निम्नलिखित के संबंध में सूचना उपलब्ध कराएं:-<br>(i) अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट्स तथा विशेष प्रोजेक्ट्स<br>(ii) पुरस्कार/ छात्रवृत्ति/ आधिकारिक प्रशस्ति<br>(iii) व्यावसायिक निकायों/ संस्थाओं/ समितियों से संबंधन और<br>(iv) अपने नाम से पंजीकृत अथवा संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट्स<br>(v) कोई अनुसंधान / अभिनव मानदंड जिसे आधिकारिक पहचान मिली हो<br>(vi) कोई अन्य सूचना<br>(टिप्पणी : स्थान अपर्याप्त होने पर कृपया अलग शीट संलग्न करें) | |
| 17. कृपया उल्लेख करें कि आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) /विलयन/ पुन:रोजगार आधार# पर आवेदन कर रहे हैं (केन्द्र/राज्य सरकार के अधीन अधिकारी ही केवल "विलयन" के लिए पात्र हैं। गैर सरकारी संगठन के उम्मीदवार केवल अल्पकालिक अनुबंध के लिए पात्र हैं) | |
| # "एसटीसी"/"विलयन"/ पुन: रोजगार का विकल्प केवल तभी उपलब्ध होगा जब रिक्ति परिपत्र में "एसटीसी" अथवा "विलयन" अथवा "पुन: रोजगार" द्वारा भर्ती का विशेष तौर पर उल्लेख किया गया हो। | |
| 18. क्या आप अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आते हैं। | |

मैंने रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ा है और मुझे इसकी पूरी जानकारी है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता / कार्य अनुभव से संबंधित दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित मेरे जीवनवृत्त में प्रस्तुत सूचना का पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा| मेरे द्वारा प्रदत्त सूचना / ब्यौरे मेरी पूरी जानकारी में ठीक और सत्य हैं तथा मेरे चयन को प्रभावित करने वाले किसी विषय को छुपाया /रोका नहीं गया है|

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

दिनांक

पता :--------------------

स्थान

ईमेल आई डी --------------------

<u>नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र</u>

कार्यालय के अभिलेखों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई सूचनाएं/ ब्यौरे सत्य और ठीक हैं| वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते/रखती हैं| चयन होने की स्थिति में उन्हें तत्काल मुक्त कर दिया जाएगा

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :

(i) श्री/श्रीमती---------------------- के विरुद्ध कोई सतर्कता अथवा अनुशासनात्मक मामला लंबित/ विचारणीय नहीं है|

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है|

(iii) उनकी सत्यनिष्ठा रिपोर्ट मिसिल (सीआर डोजियर) की मूल प्रति संलग्न की जाती है| भारत सरकार के अवर सचिव अथवा उससे ऊपर के पद के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीयता रिपोर्ट की छाया प्रतियां संलग्न की जाती हैं|

(iv)पिछले वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी /छोटी शस्ति आरोपित नहीं की गई है अथवा पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्ति की सूची संलग्न की गई है| (जैसा भी मामला हो)

प्रतिहस्ताक्षरित

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक अधिकारी मुहर सहित)